**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 70**

**04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**मुंबई में मेट्रो लाइनें**

**†*70. प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः**

**श्री संजय दिना पाटीलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को मुंबई में मेट्रो लाइन 2, 3, 4 और 6 को पूरा करके शुरु किए जाने में हो रहे विलंब की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इन्हें पूरा करने की संशोधित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने और अधिक विलंब की स्थिति से बचने के लिए भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृति और सुविधाओं के स्थानांतरण में तेजी लाने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इनमें से प्रत्येक मेट्रो लाइन के लिए मूल और संशोधित लागत अनुमान क्या है, अब तक कितना व्यय किया गया है और लागत में कितनी वृद्धि हुई है;

(घ) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से सहायता मांगी है या प्राप्त की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) दादर, बांद्रा और कुर्ला सहित उपनगरीय रेलवे स्टेशनों के साथ मेट्रो गलियारों का निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) क्या सरकार का मुंबई में यात्रियों की संख्या बढ़ाने और उनके लिए सुविधाओं को बेहतर करने हेतु एकीकृत टिकटिंग, अंतिम छोर तक संपर्क सुविधा और गैर-मोटर चालित परिवहन सुविधाएं शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

**(क)** से (च): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

मुंबई में मेट्रो लाइनों के संबंध में 04 दिसंबर 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 70 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

मुंबई में, लाइन-2ए और लाइन-2बी, लाइन-4 और 4ए और लाइन-6 सहित विभिन्न मेट्रो परियोजनाएं राज्य क्षेत्रीय परियोजाओं के रूप में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) के द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं, जबकि मुंबई मेट्रो लाइन-3 को मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, जो भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का 50:50 सयुंक्त उद्यम विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) है।

(क) इन मेट्रो रेल परियोजनाओं के पूरा होने में देरी के कारण और उनकी वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:

| मेट्रो लाइनें | देरी के कारण | परियोजना की स्थिति (31.10.2025 तक) |
|---|---|---|
| मेट्रो लाइन-2ए दहिसर से अंधेरी वेस्ट (डीएन नगर), 18.6 किमी | ज़मीन अधिग्रहण में देरी, मेट्रो लाइन 1 पर 37 मीटर स्टील स्पैन शुरू करने में देरी, पेड़ काटने और वन संबंधी अनुमति, ओवरहेड एचटी लाइन हटाना, प्रमुख यूटिलिटीज का डायवर्जन, ओशिवारा से चारकोप तक डिपो के स्थान में परिवर्तन, कोविड-19 महामारी इत्यादि। | जनवरी 2023 से पूर्ण रूप से संचालित |
| मेट्रो लाइन-2बी डीएन नगर, अंधेरी से मांडले, मानखुर्द, 23.6 किमी | ठेकेदारों के सही से कार्य नहीं करने के कारण ठेके पैकेज की रीटेंडरिंग, एलिवेटेड बनाम भूमिगत मेट्रो के लिए जनहित याचिका के कारण देरी, जुहू एयरपोर्ट फनल ज़ोन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से मंजूरी में देरी, हलाव ब्रिज क्रॉसिंग पर ऊंचाई की पाबंदी के कारण देरी, विभिन्न कारणों से अलाइनमेंट में बदलाव, रेलवे क्रॉसिंग अनुमति में देरी, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय सीआरजेड (कोस्टल रेगुलेशन ज़ोन) और पेड़ काटने की अनुमति में देरी। | सिविल कार्य:<br>भौतिक प्रगति: 90%<br>वित्तीय प्रगति: 82% |
| मेट्रो लाइन -3 | माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय के पेड़ काटने की | अक्टूबर 2025 से |

| | | |
|---|---|---|
| आरे कॉलोनी से कफ परेड, 33.5 किमी | अनुमति और ट्रांसप्लांटेशन पर रोक लगाने के कारण, आरे में भूमि उपयोग परिवर्तन और डिपो के विकास के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में याचिका जिसने ट्री अथोरिटी द्वारा पेड़ों कटाई की अनुमति को प्रभावित किया, कोस्टल रेगुलेशन ज़ोन और फॉरेस्ट क्लीयरेंस में देरी, कोविड-19 महामारी, डिपो का काम कई याचिकाओं के कारण प्रभावित हुआ और नवंबर, 2019 से जुलाई, 2022 के बीच महाराष्ट्र सरकार के आदेश पर 2 साल से ज़्यादा समय तक रोका गया। | पूरी तरह चालू |
| मेट्रो लाइन 4& 4 ए<br>वडाला - कासरवडावली - गायमुख, 35 किमी | भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास और पुनःस्थापन (आरएंडआर) में देरी, संकीर्ण मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) और सीमित कार्य घंटे, प्रमुख यूटिलिटी शिफ्टिंग के कारण देरी, पेड़ काटने, पेड़ का स्थान परिवर्तन करने, पेड़ लगाने और कोस्टल रेगुलेशन ज़ोन (सीआरजेड) और मैंग्रोव के लिए अनुमति में देरी, अलाइनमेंट इंटरचेंज स्टेशन में बदलाव, | सिविल कार्य:<br>लाइन-4: भौतिक प्रगति: 88% वित्तीय प्रगति: 80%<br>लाइन-4ए: भौतिक प्रगति: 96% वित्तीय प्रगति: 98% |
| मेट्रो लाइन-6<br>स्वामी समर्थनगर से विक्रोली, 14.5 किमी | माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश (अक्टूबर 2024 में) के कारण कांजुरमार्ग डिपो का काम एक वर्ष के लिए रुक गया, कांजुरमार्ग में नेवी की भूमि पर कार्य की अनुमति मिलने में देरी, रेलवे क्रॉसिंग की अनुमति में देरी, विभिन्न स्थानों पर फॉरेस्ट क्लीयरेंस, भूमि अधिग्रहण में देरी, पेड़ काटने की अनुमति में देरी, | सिविल कार्य:<br>भौतिक प्रगति: 82%<br>वित्तीय प्रगति: 79% |

(ख) महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि अंतर विभागीय मामलों को हल करने और लम्बित मामलों को तेज़ी से निपटाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर समीक्षा बैठक करने सहित माननीय मुख्यमंत्री स्तर पर अतिमहत्वपूर्ण विशिष्ट मुद्दा आधारित बैठकों में नियमित समीक्षा करके भूमि अधिग्रहण के मामलों में तेज़ी लाई जा रही है।

(ग) प्रत्येक मेट्रो लाइन के लिए मूल और संशोधित लागत अनुमान और किए गए व्यय के विवरण निम्नलिखित हैं:

( करोड़ रु. में)

| मेट्रो लाइनें | मूल लागत | संशोधित लागत | लागत वृद्धि | किया गया व्यय |
|---|---|---|---|---|
| लाइन 2ए | 6,410 | 6,410 | - | 6,251.90 |
| लाइन- 2बी | 10,986 | 10,986 | - | 7,969.38 |
| लाइन -3 | 23,136 | 37,276 | 61% | 34,308.63 |
| लाइन - 4 और 4ए | 15,498 | 15,498 | - | 6,251.38 |
| लाइन -6 | 6,716 | 6,716 | - | 2,359.34 |

(घ) महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि मेट्रो लाइन-2 के सिस्टम कंपोनेंट के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से 815.74 मिलियन अमेरिकन डॉलर का ऋण लिया गया है और मेट्रो लाइन-3 परियोजना के लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) से 3,54,132 मिलियन जेपीवाई का ऋण लिया गया है।

(ङ) महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि बांद्रा में सबअर्बन स्टेशन की निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए, मेट्रो लाइन-2बी के बांद्रा मेट्रो स्टेशन से लगभग 250 मीटर लंबा एक समर्पित फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, तिलक नगर सबअर्बन स्टेशन (कुर्ला सबअर्बन स्टेशन के बगल में) की कनेक्टिविटी के लिए, एक समर्पित फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, लाइन-3 के अलाइनमेंट का एकीकरण सीएसएमटी स्टेशन, मुंबई सेंट्रल (जगन्नाथ शंकरशेत स्टेशन) जैसे सभी मुख्य स्टेशनों के साथ किया गया है और यह चर्चगेट स्टेशन, दादर स्टेशन, सांताक्रूज़ स्टेशन (स्काईवॉक के द्वारा जुड़ा हुआ) के पास है।

(च) महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि एकीकृत टिकटिंग के लिए, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) मुंबई 1 कार्ड 19 जनवरी, 2023 को मुंबई मेट्रो लाइन 2ए और 7 पर शुरू किया गया है' जिसका उपयोग यात्री सक्रिय रूप से कर रहे हैं। इसके अलावा, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में सभी मेट्रो लाइनों के लिए मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन के कामों की योजना बनाई गई है और उन्हें शुरू किया गया है, जिसमें फुटपाथ को चौड़ा और बेहतर बनाना, यात्रियों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्बाध प्रवेश/निकास, बस, ऑटो, टैक्सी और एम्बुलेंस आदि के लिए समर्पित बे का प्रावधान शामिल है। मेट्रो स्टेशन क्षेत्र के नीचे रेलिंग लगाना, सड़क चिह्न/पेंटिंग, उन्नत बस स्टॉप आदि। मेट्रो स्टेशनों के पास साइकिल स्टैंड का प्रावधान भी किया गया है। मेट्रो स्टेशनों तक आसानी से पहुंचने के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने लाइन-3 स्टेशनों पर लागू बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) विकास नियंत्रण विनियम (डीसीआर) 2034 में टीओडी विनियमन को शामिल किया है, जिसमें टीओडी एफएसआई का लाभ उठाने के लिए वेस्टिब्यूल (सबवे) कनेक्शन अनिवार्य है।

*****